प्रेस नोट थाना निगोही
जनपद शाहजहाँपुर

सरहानीय कार्य दिनांक 26.05.25

SWAT/एस0ओ0जी0 टीम व थाना निगोही पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में हत्या के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को मय आलाकत्ल 01 अदद तमंचा 12 बोर,01 जिन्दा कारतूस 12 बोर,01 खोखा कारतूस 12 बोर आदि सहित किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में व SWAT/एस0ओ0जी टीम व थाना निगोही पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मु0अ0सं0 270/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 में वांछित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 24.05.2025 को वादी मुकदमा श्री सरोज कुमार पुत्र विद्यासागर नि0 ग्राम सिसौरा निकूमपुर थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 270/2025 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम 1.अमन दीक्षित पुत्र उमाशंकर 2.अभिषेक दीक्षित पुत्र उमाशंकर निवासीगण ग्राम गढ़ेपुर, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई बावत अभियुक्तों द्वारा वादी के भतीजे अमित कुमार पुत्र विश्म्भर दयाल उम्र करीब 32 वर्ष नि0 ग्राम सिसोरा निकूमपुर, थाना मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी को गोली मार कर हत्या कर देने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया गया था, जिसके सम्बन्ध में उच्चाधिकारीगणों द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में आज दिनाँक 26.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के अभियुक्त 1.अमन दीक्षित पुत्र उमाशंकर 2.अभिषेक दीक्षित पुत्र उमाशंकर निवासीगण ग्राम गढ़ेपुर, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई को निगोही-खुदागंज रोड से ग्राम बरीलालपुर जाने वाले मार्ग पर समय करीब 02.11 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 मोबाइल टच स्क्रीन व 01 मोबाइल की-पैड तथा एक मोटरसाइकिल स्पलेन्डर बरामद हुई तथा दोनों अभियुक्तों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर व नाल में फंसा खोखा कारतूस एवं मृतक अमित कुमार का मोबाइल फोन POCO बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5) बी0एन0एस0 व 3/25/27 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है तथा वांछित अभियुक्त माइकल की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

1. अमन दीक्षित पुत्र उमाशंकर उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम गढ़ेपुर, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई।
2. अभिषेक दीक्षित पुत्र उमाशंकर उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम गढ़ेपुर, थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 270/2025 धारा 103(1), 3(5) बी0एन0एस0 व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदी का विवरण

1. 01 अदद तमंचा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 01 नाल में फंसा खोखा कारतूस
2. कुल 02 अदद मोबाइल टच स्क्रीन व 01 मोबाइल की-पैड (मृतक अमित कुमार का POCO मोबाइल फोन सहित)
3. 01 मोटरसाइकिल स्पलैण्डर प्लस

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पुछताछ में एक स्वर मे बताया कि हम दोनों ने तथा हमारे साथी माइकल पुत्र संजीव तिवारी नि0 ग्राम सूरा, थाना पाली, जनपद हरदोई के साथ मिलकर अमित कुमार पुत्र विशम्भर दयाल नि0 ग्राम सिसौरा निकूमपुर, थाना मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी तथा हत्या करने का कारण पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि अमित कुमार हमारा रिश्तेदार (जीजा) है। इसी कारण अमित कुमार का हमारे घर पर आना जाना लगा रहता था तथा फोन से भी बात होती रहती थी अभिषेक द्वारा बताया गया कि मुझे शक था कि अमित कुमार का मेरी पत्नी से प्रेम प्रसंग है तथा वह मेरी पत्नी से मेरा तलाक भी कराना चाहता था तथा यह बात मैनें अपने भाई अमन को बतायी तो अमन ने कहा कि भईया अभी रूको इसका इन्तजाम किया जायेगा। दिनांक 23.05.2025 को हम अपने मामा की पुत्री की शादी ग्राम जेवां मुकुन्दपुर, थाना निगोही, जनपद शाहजहाँपुर में गये हुए थें तो हम दोनों भाईयो तथा माइकल पुत्र संजीव तिवारी के साथ मिलकर यह तय किया था कि इस शादी में अमित कुमार (जीजा) भी आयेगें और वही पर इनका काम तमाम कर दिया जायेगा तथा हम तीनों लोग ग्राम जेवा मुकुन्दपुर आये जहाँ पर अमित कुमार के साथ हम लोगों द्वारा प्यार से बाते करते हुए उपरोक्त को मोटरसाईकिल से गाँव के बाहर ले गये, और हम तीनों लोगों ने सोचा कि यही मौका अच्छा है व हम लोगों ने रोड से कच्चे रास्ते पर ले जाकर मोटरसाइकिले रोक दी थी और बाते करने लगे थे इसके बाद हम तीनों ने आपस में इशारा हुआ कि अब घटना अंजाम को दिया जाये। अभिषेक द्वारा बताया गया कि मेरा व माइकल के द्वारा अमित कुमार के हाथ पकड गये और अमन द्वारा तमंचे से अमित कुमार के सिर पर गोली मार दी , जिससे अमित कुमार की मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद अमित कुमार का मोबाइल निकालकर हम तीनों लोग मौके से भाग गये थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

नि0 श्री धर्मेन्द्र कुमार प्रभारी एस0ओ0जी0 मय टीम

प्र0नि0 श्री अशोक कुमार सिंह थाना निगोही

व0उ0नि0 श्री रामायण सिंह थाना निगोही

उ0नि0 श्री पंकज कुमार थाना निगोही

का0 1735 ज्ञानेन्द्र थाना निगोही

का0 2604 प्रवेश कुमार थाना निगोही

का0 2759 अंकित कुमार थाना निगोही